# ग्राम पंचायत बरण्डा, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176201 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत बरण्डा, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधान:–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संजीव कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजिन्द्र कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजिन्द्र डडवाल | 01.04.2022 से 31.03.2023 |
| 2. | श्री बलवान सिंह | 01.04.2023 से 31.03.2024 |

ग्राम रोजगार सहायक :–

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुभाष सिंह | 01.04.2022 से 30.06.2023 |
| 2 | श्री गुरविन्द्र सिंह | 01.07.2023 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत बरण्डा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषों में अन्तर पाया जाना | 0.01 |
| 2 | 4 (घ) | निर्देशानुसार बैंक खाते न खोलने के कारण विभिन्न अनुदानों का माइनस शेष पाया जाना | 7.12 |
| 3 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 7.88 |
| 4 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.76 |
| 5 | 6.2 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.14 |
| 6 | 7.1 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 13.66 |
| 7 | 7.2 | आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 22.11 |
| 8 | 8.1 | निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु अनियमित भुगतान भुगतान करना | 2.54 |
| 9 | 8.2 | निर्माण कार्यों के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक भुगतान करना | 0.05 |
| 10 | 9 | पत्थर खरीद पर रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण अधिक व अनियमित भुगतान करना | 0.04 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | 10 | सामग्री का अनियमित क्रय करना | 2.00 |
| 12 | 11 | माप पुस्तिकाओं को प्रस्तुत न करना | 3.81 |

## (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बरण्डा का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 व 01/04/2020 से 31/03/2022 के लिये किया गया था जिसके अंकेक्षण प्रतिवेदनो के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः—

**(अ)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2013 से 31/03/2016 तक**

| क्र.सं. | पैरा सं. | निर्णीत/अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 2. | 7 | अनिर्णीत | — |
| 3. | 8 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 9 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 9.1 | अनिर्णीत | — |
| 6 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 7 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 13 | अनिर्णीत | — |

**(ब)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 तक**

| क्र.सं. | पैरा सं. | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क प्राप्ति की पुष्टि उपरान्त |
| 2. | 4.1(अ),(ब) | अनिर्णीत | — |
| 3. | 4.2(क) | अनिर्णीत | — |
| 4. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 6 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 6 | 6.1 | अनिर्णीत | — |
| 7 | 7.1 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | 7.2 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 7.3 | निर्णीत | (पैरे में शामिल राशि ₹400 दिनांक, 27.07.2023 को खाता संख्या 20076007475 में जमा करवाने की पुष्टि उपरान्त) |
| 10 | 8.1 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 8.2 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 8.3 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 9.1,9.2, 9.3 | अनिर्णीत | — |
| 14 | 10.1 से 10.3 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 15 | 10.4 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 16 | 10.5 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |
| 17 | 10.6.1 से 10.6.3 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनः प्रारूपित कर दिया गया है। |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत बरण्डा के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 31.08.2024 से 07.09.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्वः स्त्रोत व अनुदानों की हस्तगत रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 05/2022 | 03/2023 |
| 2023—24 | 08/2023 | 08/2023 |

**<u>अस्वीकरण</u> (Disclaimer) :–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/403 दिनांक 07.09.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक बरण्डा स्थित कण्डवाल के मल्टीसिटी चैक संख्या 068546 दिनांक 16.09.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/389 दिनांकः–31.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया हैः–

1.स्वः–स्त्रोतः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 656585.00 | 203789.71 | 860374.71 | 45554.00 | 814820.71 |
| 2023-24 | 814820.71 | 155489.00 | 970309.71 | 24642.00 | 945667.71 |

2.अनुदानः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 3403405.87 | 4995548.19 | 8398954.06 | 5256882.36 | 3142071.70 |
| 2023-24 | 3142071.70 | 2831298.52 | 5973370.22 | 5185151.52 | 788218.70 |

**कुल योग (1+2)** 945667.71+788218.70 **=1733886.41**

## (ख) बैंक समाधान विवरणीः–

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार शेष ₹17,33,886.41/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार अन्तशेष ₹17,35,203.41/–से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है:–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/5वां वित/टी.एस.सी/एस.डी.पी /एम.पी.लेड/वी.के.वी.एन.वाई/ 14वाँ वित्त/जेड.पी/पी.एस | का•के•सह•बैंक पक्का टियाला | 20076007475 | 902143.41 |
| 2 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | आई•सी•आई•सी.आई.बैंक जस्सूर | 374401000224 | 833000 |
| | हस्तगत शेष | | | 60 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹1735203.41 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति(पैरा 4)के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹1733886.41 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹1735203.41 |
| अन्तरः– | | | | ₹1317 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹0.01 लाख का अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत बरण्डा द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि **₹1317/-** का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है। उक्त

अनियमितता बारे गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 4.2(क) में अंकेक्षण विभाग द्वारा इस आपति को उठाया गया था, परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा इस पर कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/391 दिनांकः–02.09.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र मिलान करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये।

**(घ) निर्देशानुसार अलग–2 स्कीमों के लिये अलग–2 बैंक खाते न खोलने के कारण प्राप्त अनुदानों से राशि ₹7.12 लाख का अधिक भुगतान/व्यय करने बारे :–**

निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने अपेक्षित हैं।

ग्राम पंचायत बरण्डा के बैंक खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानों जैसे कि 5वां वित, वी.के.वी.एन. वाई, एस.डी.पी, एम.पी.लेड, व 14वां वित इत्यादि की सयुंक्त हस्तगत रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत , 5वां वित्त,टी.एस.सी, वी.के.वी.एन.वाई, एस.डी.पी, एम.पी.लेड, व 14वां वित आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एंव निर्देशो के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20076007475 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है व नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

इसके अतिरिक्त अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट 2** के अनुसार, दिनांक 31.03.2024 तक निम्न तालिका में दर्शाए शीर्षो के अंतर्गत प्राप्त अनुदानो की अपेक्षा ₹712155/- का अधिक व्यय किया गया दर्शाया गया था, जोकि न केवल निदेशक पंचायती राज के निर्देशो की अवहेलना है, अपितु शीर्ष/स्कीमवार प्राप्त अनुदान ब्याज व भुगतान/व्यय

आदि की सत्यता की अंकेक्षण में पुष्टि करने हेतु अपर्याप्त होने के कारण एक गम्भीर अनियमितता है:—

| क्र0सं0 | अनुदान | खाता संख्या | अधिक व्यय |
|---|---|---|---|
| 1. | एम.पी.लेड | 20076007475 | 249770 |
| 2. | वी.के.वी.एन.वाई | 20076007475 | 161754 |
| 3. | जेड पी / पी.एस | 20076007475 | 300631 |
| | योग | | 712155 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 402 दिनांकः—07.09.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या— 80 दिनांकः—07.09.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि स्कीम वाईज खातो का अनुसंधारण कर दिया जायेगा, प्रस्तुत उत्तर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः स्कीम वाईज खाते न खोलने व प्राप्त अनुदानों से अधिक व्यय करने बारे पूर्ण तथ्यों सहित औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खातो में जमा करना सुनिश्चित किया जाए व निदेशक, पंचायती राज के उक्त पत्र में वर्णित निर्देशो के अनुपालनार्थ आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए।

## (ड.) लेखा खाता / खाताबही तैयार न करनाः—

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप—7 में लेखा खाता / खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि की खाताबही / लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए। खाताबही / लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मासों के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी—कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं।

| अनुदान | वाउचर सं / दिनांक | बिल सं / दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1.14वां वित | 22 / 02.08. 2023 | 353 / 12.07. 2023 | पूर्ण कार्य पंचायत भवन बरण्डा वार्ड—5 | 49758 |
| 2.14वां | 23 / 02.08. | 307 / 26.07. | निर्माण पंचवटी पार्क वार्ड—9 नडा | 199999 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वित | 2023 | 2023 | | |
| 3.एस.डी.पी | 27–29/07.08.2023 | 521–523/01.07.2023 | अपवर्धन कार्य तालाब बरण्डा वार्ड–3 | 139715 |
| 4.14वां वित | 38/25.08.2023 | 526/30.07.2023 | निर्माण पंचवटी पार्क वार्ड–9 फेस 2 | 84322 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानों से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/402 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबहियों/लेखा खातों को आगामी अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत कर दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा इन्हे तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## 5.1 अनुदान की राशि ₹7.88 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/389 दिनांकः–31.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि [redacted] **1 व** [redacted] **2** पर संलग्न है ,के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹7,88,218.70/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क.स. | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5वाँ वित | 31.03.2024 | 34547.83 |
| 2 | टी.एस.सी/एस.बी.एम | 31.03.2024 | 73600 |
| 3 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 9348 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | -249770 |
| 5 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | -161754 |
| 6 | 14वाँ वित | 31.03.2024 | 512377.87 |
| 7 | 15वाँवित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 833000 |
| 8 | जेड.पी/पी.एस | 31.03.2024 | -300631 |
| 9 | आर.ए.वाई/आर.ए.वाई | 31.03.2024 | 37500 |
| | | **कुल जोड** | **788218.70** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है। जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/393 दिनांक–03.09.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के तथ्यपूर्ण कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 6.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.76 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पत्तिकर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत(Outstanding)नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/389 दिनांकः–31.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹76000**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु

शेष थी। क्योंकि ग्राम पंचायत द्वारा अवधि 2022–23 के दौरान कोई वसूली नहीं की गई थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/394 दिनांकः–03.09.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली को करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जायेगा व अंकेक्षण को भी अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**6.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.14 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क को प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता सख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/389 दिनांकः–31.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत बरण्डा द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान ₹14375 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई ,परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः–

| क्र0सं0 | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | 7850 |
| 2 | 2023–24 | 6525 |
| | **जोड** | **14375** |

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/394 दिनांकः–03.09.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत बरण्डा के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7.1 क्रय किये गये सामान राशि ₹13.66 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत बरण्डा के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत परिशिष्ट–"6" पर संकलित राशि ₹13,66,231/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टॉक रजिस्टरो में दर्ज नहीं किया गया अथवा संबंधित रजिस्टर को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/397 दिनांकः–05.09.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षणावधि में क्रय किये गये प्रत्येक सामान का इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 7.2 आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹22.11 लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/विक्रेताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/392 दिनांकः–02.09.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ताओं को ₹22,11,083/– का अनियमित भुगतान एवं पूर्वोक्त नियम प्रावधानों तथा समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/400 दिनांकः–06.09.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये नहीं किये गए व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है, भविष्य में इन फॉर्म को प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को उनके पूर्ण विवरण

सहित या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा किसी संशय की स्थिति में इन प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8.1 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु ₹2.54 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः—

सचिव (RD&PR) हि० प्र० सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा—निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार राशि ₹2,53,960 के पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि० प्र० सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके किया गया था तथा न ही ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction. अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई गई थी, परिणामस्वरूप किया गया भुगतान अनियमित प्रतीत होता है :—

| क्र० सं० | अनुदान | वाउचर सं / दिनांक | मास | विवरण | मात्रा | राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15TH FC | 29/23.03.2023 | 03/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Balwan Singh Baranda Nurpur Bill No 138 dt.-13.03.2023 | 13650 | 150150 |
| 2 | 15TH FC | 30/23.03.2023 | 03/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Balwan Singh Baranda Nurpur Bill No 139 dt.-13.03.2023 | 525 | 5775 |
| 3 | 15TH FC | 31/23.03.2023 | 03/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Balwan Singh Baranda Nurpur Bill No 140 dt.-13.03.2023 | 2925 | 32175 |
| 4 | 15TH FC | 32/23.03.2023 | 03/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Balwan Singh Baranda Nurpur Bill No 141 dt.-13.03.2023 | 2675 | 29425 |
| 5 | 14TH FC | 30/09.08.2023 | 08/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s Panjaria Ceramic Solution Ladori Nurpur Road Bill No 27 dt.-05.07.2023 | 3470 | 36435 |
| | | | | | **योग** | **253960** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/395 दिनांकः—04.09.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय के पत्र संख्याः— 80 दिनांकः—07.09.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त अनियमित व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त व्यय को सक्षम तकनीकी प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें।

## 8.2 निर्माण कार्यों के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.05 लाख का अधिक भुगतान करना :—

**1**.निर्माण नाली व रास्ता गबली बस्ती वार्ड—5 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 2742 के पृष्ठ संख्या 47 व 48 में निर्माण सामग्री, इंटरलॉक टाईल्स का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 138 दिनांक 13.03.2023 के अनुसार निर्माण सामग्री इंटरलॉक टाईल्स 13650 का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण **₹**1683 का अधिक भुगतान किया गया थाः—

**2**.निर्माण नालियां नजदीक मेजर सिंह हाउस वार्ड—7 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अंकेक्षण करने पर पाया गया निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 2742 के पृष्ठ संख्या 52 में निर्माण सामग्री, सीमेंट बैग का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 93082 दिनांक 07.03.2023 के अनुसार निर्माण सामग्री सीमेंट 58 बैग का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण **₹**1221 का अधिक भुगतान किया गया थाः—

**3**.निर्माण पूर्ण कार्य तालाब वार्ड—1 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 2742 के पृष्ठ संख्या 23 में निर्माण सामग्री, ब्रिक(ईंटे) का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 136 दिनांक 01.03.2023 के अनुसार निर्माण सामग्री ब्रिक 6770 का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण **₹**1755 का अधिक भुगतान किया गया थाः—

| क्र0 सं0 | अनुदान | सामग्री | क्रय की गई सामग्री की मात्रा | निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा | अंतर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित | इंटरलॉक टाईल्स | 13650 | 13497 | 153 | 11 | 1683 |
| 2. | 15वां वित | सीमेंट | 58बैग | 55बैग | 3बैग | 407 | 1221 |
| 3 | 15वां वित | ब्रिक(ईंटे) | 6770 | 6536 | 234 | 7.50 | 1755 |
| | | | | | योग | | 4659 |

**<u>वास्तविक खपत योग्य सामग्री का विवरण :-</u>**

1.Item-2 P/L(Inter Lock Block) =409m2 X 33(Tiles Factor) =**13497 Tiles**

2.Item-3 P/L(1:4:8) =04.50m3X 3.40(Cement. Factor) =**15.30 or say 15Bags**

Item-4 P/L(1:3:6) =07.95m3X 4.40(Cement. Factor) =**34.98 or say 35 Bags**

P/L(1:2:4) =18m2 X 0.30(Cement. Factor) =05.**40 or say 05 Bags**

**Total = 55 Bags**

3.Item-3 Brick work =13.76m3X 475(Bricks Factor) =**6536 Bricks**

इन अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/396 दिनांकः–05.09.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–80 दिनांकः–07.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित संविदाकार/व्यक्ति से करने उपरान्त संबंधित खाते में जमा करवा दी जायेगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अधिक व अनियमित भुगतानों की राशि बारे नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खाते में जमा करवाना सुनिश्चित की जाये व कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**9. निर्माण कार्य के लिये पत्थर खरीद पर रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण ₹0.04 लाख का अधिक व अनियमित भुगतान करने बारे :–**

हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के नियम के क्लॉज 2.1.2.13 के अनुसार पत्थरों (Stone/Boulders) की आपूर्ति के भुगतान से पूर्व रिक्तियों (Voids) की 12.5 प्रतिशत कटौती की जानी अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान चयनित मास 08/2023 के व्यय वाउचरों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा उक्त अनुदान के अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु प्रयोग की गई निर्माण सामग्री पत्थर खरीद हेतु निम्न तालिका के अनुसार ₹31900/– का कुल भुगतान किया गया ,लेकिन संविदाकार को भुगतान करने से पूर्व रिक्तियों (Voids) की 12.5 प्रतिशत कटौती न करने के कारण ₹3988(31900@12.5%) का अधिक व अनियमित भुगतान किया गया था। यह एक गम्भीर वितीय अनियमितता है:–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर संख्या/दिनांक | सामग्री | बिल संख्या/दिनांक | आपूर्तिकर्ता का नाम | मात्रा (घन मीटर) | दर (प्रति घन मीटर) | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.14वां वित | 39/25.08.2023 | वोल्डर | 201/02.08.2023 | मै0 बलवान सिंह बरण्डा नूरपुर | 22 | 1450 | 31900 |

उक्त अधिक एवं अनियमित भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/401 दिनांक:–07.09.2024 द्वारा पंचायत सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–80 दिनांक:–07.09.2024 द्वारा स्पष्ट किया कि उक्त अनियमितता अनभिज्ञ होने के कारण हुई है, उक्त अधिक व गलत भुगतान की वसूली सम्बन्धित संविदाकार/व्यक्ति से करने उपरान्त सम्बन्धित खाते में जमा करवा दी जायेगी प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त किये गए अधिक व अनियमित भुगतान को नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करना तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाना सुनिश्चित करके व कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**10** **ग्राम पंचायत द्वारा अनुदान 14वें वित के अंतर्गत राशि ₹2.0 लाख की सामग्री का अनियमित क्रय करने बारेः–**

ग्राम पंचायत द्वारा पंचवटी पार्क वार्ड –9 मे प्राप्त झूले इत्यादि स्थापित करने हेतु निम्नविवरणानुसार राशि ₹199999/– का भुगतान किया गया। व्यय वाउचरों का अंकेक्षण करने पर निम्नलिखित आपतियां पाई गईः–

1.हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(5) ए के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा ₹50000 से अधिक की खरीद पर न्यूनतम दो समाचार पत्रो द्वारा टेन्डर कॉल किये जाने अपेक्षित है। चयनित मास 08/2023 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा उक्त अनुदान के अंतर्गत टेन्डर कॉल करने की प्रकिया को पूर्ण किये बिना ही पंचवटी पार्क के लिये राशि ₹ 199999 की सामग्री खरीदी गई। जोकि उपरोक्त नियम की पूर्णतः अवहेलना है। जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है। इस प्रकार से ग्राम पंचायत द्वारा ₹199999 का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

